# कार्यालय नजारत, जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर
## नीलामी की शर्तें

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर परिसर में रखी हुई निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुओं की नीलामी निम्न शर्तों के आधार पर की जायेगी—

1. नीलामी दिनांक 17.12.2024 को शाम 4 बजे जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर में कार्यालय नजारत के सामने गठित समिति द्वारा की जायेगी।

2. प्रत्येक बोली बोलने वाले को नीलामी में भाग लेने से पूर्व जमानत धनराशि मु0 रू0 20000/— जमा करनी होगी। यह धनराशि नीलामी की कार्यवाही से पूर्व प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय नजारत में केन्द्रीय नाजिर के पास जमा करनी होगी, इसके पश्चात कोई भी धनराशि जमा नहीं की जायेगी। यह धनराशि नीलामी समाप्त होने के उपरांत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्तर के बोलीदाताओं की धनराशि को रोकते हुए शेष बोली दाताओं की धनराशि तत्काली वापस कर दी जायेगी।

3. नीलामी समिति/जनपद न्यायाधीश को यह अधिकारी होगा कि किसी भी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकार कर दे। अंतिम बोली की स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा की जायेगी।

4. नीलामी हेतु निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुओं को जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर परिसर में नीलामी से पूर्व देखा जा सकता है। बोली बोलने वाले का यह स्वयं का उत्तरदायित्व होगा कि वह निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुओं का निरीक्षण कर ले।

5. जिस बोलीदाता की बोली अन्तिम रूप से स्वीकार की जायेगी, उस बोलीदाता को नीलामी की धनराशि की सम्पूर्ण रकम नकद तुरन्त जमा करनी होगी। यदि अन्तिम बोली बोलने वाले व्यक्ति द्वारा धनराशि उसी समय जमा नहीं की गयी तो उनकी बोली निरस्त समझी जायेगी तथा उसके द्वारा जमा की गयी अग्रिम धनराशि मु0 रू0 20000/— सरकारी कोष में जब्त कर ली जायेगी।

6. निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुओं की नीलामी की अन्तिम बोली जब तक सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार नही की जायेगी, तब तक निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुएं जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर में ही रहेंगी। क्रेता अपने संतोष के लिए देखरेख कर सकता है, बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

7. क्रेता द्वारा पूर्ण धनराशि जमा करने व नीलामी अनुमोदन के बाद तीन दिन के अन्दर निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुओं को उठा लिया जाना अनिवार्य होगा।

8. उपरोक्त नीलामी शर्तो के विषय में यदि कोई विवाद होता है, तो जनपद न्यायाधीश शाहजहांपुर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

9. नीलामी की न्यूनतम बोली मु0 रू0 121908.00 लोकनिर्माण विभाग, से प्राप्त मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित की गयी है।

10. नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर में स्थित सक्षम न्यायालय में की जायेगी।

दिनांक 06.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| (प्रियंका सिंह) 06.12.2024 | Abhay Pratap Singh 06.12.2024 | Ashish Varma 06/12/24 |
| | (अभय प्रताप सिंह प्रथम) | (आशीष वर्मा) |
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |
| निष्प्रयोज्य सामग्री नीलामी समिति, | निष्प्रयोज्य सामग्री नीलामी समिति/ | निष्प्रयोज्य सामग्री नीलामी समिति/ |
| सिविल जज सी0डी0, | अपर जिला जज तृतीय | अपर जिला जज प्रथम |
| जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर। | जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर। | जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर। |

## सूचना

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, के आदेश दिनांक 05.12.2024 के अनुपालन में निम्न सामग्री एवं वस्तुएं निष्प्रयोज्य घोषित की जा चुकी हैं, जोकि जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर परिसर में एक स्थान पर रखी हुई हैं।

| कम सं0 | निष्प्रयोज्य सामग्री का विवरण | संख्या | मूल्यांकन आख्या | दर | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | समस्त प्रकार की कुर्सी | 89 | जालौनी लकड़ी 75 किलो | 7 रू0 / किग्रा | 525.00 |
| 2. | लकडी की छोटी आलमारी | 05 | जालौनी लकडी 30 किलो | 7 रू0 / किग्रा | 210.00 |
| 3. | लकड़ी की बडी आलमारी | 05 | जालौनी लकडी 60 किलो | 7 रू0 / किग्रा | 420.00 |
| 4. | डायस मेज | 05 | जालौनी लकडी 65 किलो | 7 रू0 / किग्रा | 455.00 |
| 5. | सोफा सेट | 20 | जालौनी लकडी 40 किलो | 7 रू0 / किग्रा | 280.00 |
| 6. | बेन्च | 02 | जालौनी लकड़ी 30 किलो | 7 रू0 / किग्रा | 210.00 |
| 7. | स्टील की छोटी आलमारी | 02 | 140 किलो स्कैप लोहा | 25 रू0 / किग्रा | 3500.00 |
| 8. | स्टील की बड़ी आलमारी | 12 | 600 किलो स्कैप लोहा | 25 रू0 / किग्रा | 15000.00 |
| 9. | कूड़ा गाडी रिक्शे वाली | 02 | 10 किलो स्कैप लोहा | 25 रू0 / किग्रा | 250.00 |
| 10. | कूड़ा गाड़ी | 03 | 30 किलो स्कैप लोहा | 25 रू0 / किग्रा | 750.00 |
| 11. | रिवाल्विंग कुर्सी | 30 | 60 किलो स्कैप लोहा | 25 रू0 / किग्रा | 1500.00 |
| 12. | लोहे की रैक | 03 | 360 किलो स्कैप लोहा | 25 रू0 / किग्रा | 9000.00 |
| | | | | कुल योग | 32100.00 |

| कम सं0 | निष्प्रयोज्य सामग्री का विवरण | संख्या | विवरण | वजन | कुल वजन | दर रू0 प्रति किग्रा0 | मूल्यांकन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गैर मरम्मत योग्य टाइपराईटर | 26 | Godrej Hindi Typewriter | 5.5 | 143 | 36.50 | 5219.50 |
| | | 21 | Remington English Typewriter | 5.5 | 115.5 | | 4215.75 |
| | | 01 | Facit Hindi Typewriter | 5 | 5 | | 182.50 |
| 2. | गैर मरम्मत योग्य साईकिल | 01 | Cycle | 10 | 10 | | 365.00 |
| 3. | गैर मरम्मत योग्य जेनरेटर | 01 | Kirloskar 15 KVA | 490 | 490 | | 17885.00 |
| | | 01 | Kirloskar 12.5 KVA | 430 | 430 | | 15695.00 |
| | | 02 | Kirloskar 07 KVA | 225 | 450 | | 16425.00 |
| | | 02 | Kirloskar 05 KVA | 145 | 290 | | 10585.00 |
| 4. | फायर एक्सटिंग्यूशर | 106 | — | 02 | 212 | | 7738.00 |
| 5. | साईक्लो स्टाइल मशीन ऑपरेटर | 01 | — | 15 | 15 | | 547.50 |
| 6. | सोडियम लाइट | 30 | — | 01 | 30 | | 1095.00 |
| 7. | ओल्ड विन्डो ए0सी0 1.5 टन | 06 | — | 45 | 270 | | 9855.00 |
| | | | | | | कुल योग | 89808.25 |

उपरोक्त सभी सामग्रियों की नीलामी जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर परिसर मे दिनाक 17.12.2024 को समय सायं 4 बजे की जाएगी। उपरोक्त नीलामी, निष्प्रयोज्य नीलामी समिति के अध्यक्ष श्री आशीष वर्मा, अध्यक्ष / अपर जिला जज, शाहजहांपुर, श्री अभय प्रताप सिंह प्रथम, सदस्य / अपर जिला जज, शाहजहांपुर,

श्रीमती प्रियंका सिंह, सदस्य/सिविल जज सी0डि0, शाहजहांपुर के समक्ष की जायेगी। उक्त नीलामी खुली बोली के आधार पर सम्पन्न की जायेगी, इच्छुक बोलीकर्ता निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोलीदाताओं की जमानत धनराशि मु0 रू0 20000/– मात्र समय 12 बजे पूर्वाहन नीलामी तिथि को ही नजारत अनुभाग में जमा कर स्वीकृत की जायेगी। निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुओ से सम्बन्धित विवरण एवं नीलामी की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय शाहजहांपुर से पता की जा सकती हैं तथा निष्प्रयोज्य सामग्री एवं वस्तुएं जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर परिसर में देखी जा सकती हैं।

**दिनांक :– 06.12.2024**

06/12/24
**अध्यक्ष**

निष्प्रयोज्य सामग्री नीलामी समिति/
अपर जिला जज,
जनपद न्यायालय, शाहजहॉपुर।